nwda.gov.in

## हटेगी जलधारा की हर रुकावट!

# नदियों को सहेजने की UP में नई रणनीति

■ भाषा, लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** सरकार ने नदियों को जीवनदान देने और जल संरक्षण को लेकर एक नई रणनीति अपनाई है। इसके तहत हर नदी को उसके स्रोत से लेकर संगम तक चिह्नित किया जाएगा, और जिन-जिन जिलों से वह होकर गुजरती है, उन सभी को मिलकर संयुक्त कार्ययोजना बनानी होगी। सरकार का मकसद सिर्फ नदियों में पानी बहाना नहीं है, बल्कि जल गुणवत्ता, जल की उपलब्धता और जैव विविधता को भी टिकाऊ तरीके से सुरक्षित रखना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सभी जिलों और संबंधित विभागों को ठोस कदम उठाने को कहा गया है। नदियों की जलधारा को सुगम बनाने के लिए गाद निकालना, कोर्स करेक्शन, चैनलाइजेशन जैसे तकनीकी उपाय किए जाएंगे। साथ ही, अतिक्रमण हटाकर वहां पौधरोपण भी जरूरी होगा। योजना के तहत हर जिले को अपने हिस्से की नदी की सफाई, जलधारा बहाली और जल स्रोतों की सुरक्षा के लिए काम करना होगा।

File Photo

